सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 342 | इंदौर, सोमवार 24 जून, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

**Headline**

1. भाजपा सांसद भर्तृहरि महताब बने 18वीं लोकसभा के प्रोटेम स्पीकर; राष्ट्रपति ने दिलाई शपथ
2. रूस: दागेस्तान-माखचकाला में आतंकी हमला; 15 पुलिसकर्मियों समेत कई नागरिकों की मौत, छह हमलावर भी ढेर

### सुनो...सुनो...सुनो... करवा दी मुनादी, होगी कार्रवाई...

# अब आएगी कब्जेधारियों की शामत

## सुगम यातायात के लिए जिला प्रशासन, नगर निगम और पुलिस की संयुक्त कार्यवाही मुहिम

@ DGR विशेष

**इंदौर**। प्राचीन समय में गांवों और अन्य स्थानों पर इस तरह की आवाज सुनो...सुनो...सुनो... की आवाज आने पर लोग समझ जाते थे कि मुनादी कराई जा रही है और सुनो...सुनो...की आवाज देने वाला व्यक्ति संदेश देता था। कुछ ऐसा ही इन दिनों शहर के प्रमुख बाजारों में देखने को मिल रहा है, बस मुनादी का तरीका बदल गया है और उपकरणों का उपयोग करते हुए अनाउंसमेंट किया जा रहा है। दरअसल इस अनाउंसमेंट के जरिए शहर के 15 प्रमुख बाजारों में दो दिन बाद कार्रवाई करने का ऐलान किया गया है। शहर में सुगम यातायात के लिए जिला प्रशासन, नगर निगम और पुलिस की संयुक्त कार्यवाही की मुहिम एक दिन बाद शुरू की जाएगी। इसके लिए प्रमुख 15 बाजारों में कार्यवाही के लिए ऐलान किया गय है। इसके चलते अब फुटपाथों व सडक़ पर कब्जा कर व्यापार करने वाले व्यापारियों व दुकानदारों की शामत आने वाली है। उन पर सख्ती करते हुए फूटपाथ खाली करवाए जाएंगे, और सामान जब्त किया जाएगा।

### अब जागे जिम्मेदार

शहर के प्रमुख बाजारों में ट्रैफिक, पार्किंग और पैदल चलने वालों को काफी परेशानी हो रही है, क्योंकि दुकानदार अपनी दुकानों के बाहर तक सामान रख देते है जिससे आने जाने वालों को परेशानी आती है। इस समस्या को लेकर कई बार आमजन भले ही मुसीबत उठा ले, लेकिन कुछ कहता नहीं है, क्योंकि थोड़ी सी देर के लिए परेशानी उठाना मंजूर है, लेकिन शिकायत जिम्मेदारों कुछ ही लोग करते हैं, क्योंकि कई बार शिकायतों पर ध्यान ही नहीं दिया जाता है, लेकिन अब जिम्मेदार विभागों, जिला प्रशासन, नगर निगम, और यातायात पुलिस के अधिकारी जागे हैं और तीनों विभागों ने मिलकर कब्जेधारियों पर कार्रवाई का मन बनाया है। जिला प्रशासन, निगम और पुलिस मिलकर शहर के प्रमुख बाजारों और मार्गों पर अतिक्रमण हटाने की बड़ी मुहिम चलाएगी।

### सभी बाजारों में व्यापारियों को दी चेतावनी

राजबाड़ा और उसके आसपास के बाजारों में अतिक्रमण हटाने की मुहिम को लेकर निगम की टीम ने बाजारों और मुख्य मार्गों पर मुनादी यानी अनाउंसमेंट कराना शुरू कर दिया गया है। शहर के सभी प्रमुख बाजारों में नगर निगम की गाड़ी निकली। इस गाड़ी के द्वारा लाउडस्पीकर के माध्यम से व्यापारियों को चेतावनी दी गई।



### प्रमुख 15 बाजारों में कार्यवाही के लिए किया ऐलान

### फूटपाथ खाली करवाए जाएंगे, सामान जब्त करेंगे

### ◆ स्थाई रूप से हटा लें सामान

इन व्यापारियों से कहा गया कि उनके द्वारा दुकान के बाहर रखा गया सामान स्थाई रूप से हटा लिया जाए। इसके साथ ही सडक़ पर जो सामान जमा कर रखा गया है उसे भी हटा लिया जाए। यह पूरा अभियान इस क्षेत्र में यातायात को सुगम बनाने के उद्देश्य से चलाया जाएगा। साथ ही सडक़ों को अतिक्रमण और अवैध कब्जे से मुक्त भी किया जाएगा।

### इन बाजारों में चलेगी मुहिम

जवाहर मार्ग से पटेल ब्रिज तक, स्कीम नंबर-140 पीपल्याहाना चौराहा, बंगाली चौराहा से तिलक नगर मार्ग होते हुए पत्रकार कॉलोनी चौराहा तक, बॉम्बे हॉस्पिटल चौराहा से सत्य साई चौराहा, स्कीम नंबर 78 रोड तक, खजराना चौराहा से आनंद बाजार मार्ग, आरएपीटीसी से बीएसएफ गेट नंबर एक तक, गोराकुंड से बड़ा गणपति तक, चंदन नगर चौराहा से गंगवाल बस स्टैंड तक, दशहरा मैदान से अन्नपूर्णा मंदिर होते हुए चाणक्यपुरी चौराहा तक, अग्रसेन चौराहा से टॉवर चौराहा तक, गौराकुंड से राजबाड़ा तक, नृसिंह बाजार से गौराकुंड तक, खजूरी बाजार, बर्तन बाजार, मारोठिया, पीपली बाजार, सराफा, बोहरा बाजार, इमाम बाड़ा, गोपाल मंदिर रोड, अटाला बाजार, बजाज खाना चौक, मारोठिया आदि क्षेत्रों में मुनादी की है। यातायात प्रबंधन को सुगम एवं व्यवस्थित करने के लिए यह मुनादी की गई ताकि दुकानदार फुटपाथ और सडक़ किनारे अपना सामान नहीं रखें। दो दिन बाद बलने वाली अतिक्रमण हटाने की मुहीम के दौरान दुकान के बाहर सामान मिलने पर जब्त कर लिया जाएगा। उल्लेखनी है की शनिवार को जिला प्रशासन की ओर से सभी अपर कलेक्टर और एसडीएम के द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में दौरा किया गया । इस दौरे में उनके द्वारा यह देख लिया गया कि कहां पर किस तरह से व्यापारियों और रहवासियों के द्वारा कब्जा करते हुए यातायात में बाधा पैदा करने का काम किया जा रहा है।

### बनेंगे चालान और लगेगा जुर्माना

शहर के मुख्य बाजारों और मार्यों पर यदि दुकानदार निर्देश का पालन नहीं करते और फुटपाथ था सडक़ के किनारे सामान रखते पाए जाते हैं तो उनके खिलाफ चालानी कार्रवाई होगी और जुमार्ना भी वसूल किया जाएगा। यह निर्णय शहर के यातायात को सुगम और सुरक्षित बनाने को लेकर लिया गया है।

### बैठक में लिया मुहिम का फैसला

मालूम हो कि शहर के यातायात प्रबंधन को सुगम और व्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने पिछले दिनों कलेक्टर आशीष सिंह, निगमायुक्त शिवम वर्मा और यातायात विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक बैठक की थी। इसमे बाजारों और मुख्य मागों पर अतिक्रमण हटाने को मुहिम चलाने का फैसला लिया गया था।

### अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई लगातार जारी

शहर में यातायात सुधार हेतु सडक़ों से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई रविवार को भी जारी रही। कलेक्टर आशीष सिंह के निर्देश पर प्रशासन , पुलिस और नगर निगम के संयुक्त अमले द्वारा सडक़ों और फुटपाथ में लगी दुकानों को हटाए जाने की कार्रवाई की जा रही है। एसडीएम राकेश परमार, सहायक यंत्री नगर निगम बिराजमान भगोरिया व नगर निगम की रिमूवल गैंग ने एमजी रोड, कोठारी मार्केट, रेलवे स्टेशन बड़ी लाइन, जवाहर मार्ग, कपड़ा मार्केट, गोराकुंड से खजूरी बाजार होते हुए किशनपुरा छत्री तक मुनादी कर फुटपाथ पर किये गये अतिक्रमण को हटाने की समझाइश दी गई।

### विभिन्न स्थानों की जिम्मेदारी सौंपी

अपर कलेक्टर श्रीमती सपना लोवंशी ने बताया कि यातायात सुधार हेतु सडक़ सुरक्षा समिति में लिये गये निर्णयों का जिम्मेदारी व गंभीरता से पालन सुनिश्चित कराने हेतु कलेक्टर आशीष सिंह के निर्देश अनुसार ट्रैफिक सेल का गठन किया गया है। नियुक्त अधिकारियों को विभिन्न स्थानों की जिम्मेदारी सौंपी गई है। अधिकारियों द्वारा संबंधित स्थानों पर जाकर कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है।

### यहां की जाएगी कार्रवाई

उन्होंने बताया कि पहले दौर में अत्यधिक व्यस्तता वाले लगभग 15 ऐसे क्षेत्रों को चिन्हित किया गया है, जहां सबसे ज्यादा सडक़ों पर जाम लगता है। दुकानदारों ने बहुतायात में सामान को सडक़ों पर फैला रखा है। ऐसे स्थानों पर से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जा रही है। महारानी रोड, खातीपुरा, शास्त्री मार्केट, पटेल ब्रिज, कोठारी मार्केट, रानीपुरा चौराहा, आनंद बाजार मार्ग, बाम्बे हॉस्पीटल, बंगाली चौराहा, स्कीम नंबर 140, पीपल्याहाना चौराहा, तिलक नगर, बड़ा गणपति जैसे व्यस्ततम और भीड़ वाले क्षेत्रों में कार्रवाई की जायेगी।

# निगम घोटाले के आरोपी ने दी एमपीपीएससी परीक्षा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। मध्यप्रदेश लोकसेवा आयोग की राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2024 रविवार को दो शिफ्ट में हुई। पहला पेपर सामान्य अध्ययन का सुबह 10 बजे से 12 बजे तक हुआ। दूसरा पेपर सामान्य अभिरुचि परीक्षण का है। यह दोपहर 2.15 बजे से शुरू होकर शाम 4.15 बजे तक चला। यह एग्जाम 110 पदों के लिए है। इसके लिए 1.83 लाख उम्मीदवार ने आवेदन किया था। डेढ़ लाख से ज्यादा कैंडिडेट इसमें शामिल हुए। इंदौर में नगर निगम घोटाले के आरोपी रामेश्वर परमार ने भी परीक्षा दी। जेल से पुलिस सुरक्षा में वो एक्जाम देने परीक्षा केंद्र पर पहुंचा। पहला पेपर देकर निकले ज्यादातर छात्रों ने कहा के पेपर सरल रहा। उन्हें उम्मीद है कि वे अच्छे अंकों से पास होंगे। परीक्षा की मॉनिटरिंग और शंका समाधान के लिए प्रदेशभर में 27 सीनियर रिटायर्ड अधिकारियों को ऑब्जर्वर बनाया गया था। इधर, एमपीपीएससी पेपर लीक की आशंका पर सीएम डॉ. मोहन यादव ने कहा कि सरकार कोई भी कोताही बर्दाश्त नहीं करेगी। कानून व्यवस्था का पालन किया जाएगा। इससे पहले सुबह सभी परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थी तय समय पर पहुंचे। जहां चैकिंग के बाद उन्हें एग्जाम हॉल में प्रवेश दिया गया। उनसे जूते-मोजे उतरवाए गए। लड़कियों से कान की बाली, हाथ के कंगन-चूड़ी जबकि लड़कों से हाथ का कलावा भी निकवाए गए हैं।

# जनप्रतिनिधियों-जनता के सुझाव पर होगी मेट्रो लाइन : विजयवर्गीय

## अधिकारियों ने कैसा भी प्लान बनाया हो कोई फर्क नहीं पड़ता

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदौर में मेट्रो रुट को लेकर चल रही कवायद पर रविवार को मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि अधिकारियों ने कैसा भी प्लान बनाया हो कोई फर्क नहीं पड़ता, जनप्रतिनिधि, जनता जैसे चाहेगी वैसे ही मेट्रो लाइन डलेगी अभी इसके सुझावों पर काम कर रहे हैं।**



यह बात विजयवर्गीय ने रविवार को एआईसीटीएसएल में 51 लाख पौधरोपण की विभिन्न संगठनों की बैठक के बाद मीडिया से कही। पिछले दिनों उन्होंने मेट्रो के सुझावों को लेकर एक बड़ी बैठक ली थी। उन्होंने कि अधिकारियों के सोचने का तरीका और जनता व जनप्रतिनिधियों के सोचने का तरीका अलग और व्यावहारिक होता है। हम वही काम करेंगे जो जनहित में होगा और इंदौर के लिए होगा। सिंहस्थ से पहले इंदौर से उज्जैन तक मेट्रो चलना यह हमारे लिए चुनौती है। हम इसकी तैयारी कर रहे हैं और हर माह समीक्षा करेंगे।

**हम लोगों ने सीमेंट का जंगल बना दिया, अब जब जागे तब सवेरा-** 51 लाख पौधरोपण मिशन को लेकर उन्होंने कहा कि हमारे पूर्वजों ने जैसा शहर हमें दिया था, वैसा नहीं बचा। हम आने वाली पीढ़ी को ऐसा शहर देकर जाए कि वो सुखी रहे, खुश रहे और स्वस्थ रहे। इस मिशन में लोग बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। आज की बैठक में तीन सौ से ज्यादा डॉक्टर्स शामिल थे। कई समाज हिस्सेदारी कर रहे हैं। इंदौर हमेशा प्रेरणा का केंद्र रहा है। अभियान में बच्चों को भी जोड़कर उन्हें संस्कार दे रहे हैं। अभी यहां ेग क्लीन सिटी देखने आते हैं अब ग्रीन सिटी देखने आएंगे। सालों पहले पूरा शहर वाटर बॉडीज और पेड़ों से घिरा था। हम लोगों ने सीमेंट का जंगल बना दिया। अब जब जागे तब सवेरा। हम हरित क्रांति के माध्यम से इसे हरा भरा बनाएंगे।

# ग्रामीणों को दी वित्तीय एवं शासकीय योजनाओं के लाभ की जानकारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। प्रियसखी महिला संघ इंदौर ने भारतीय रिजर्व बैंक के सहयोग से बुजुर्गों, दिव्यागों के लिए रिजर्व बैंक मापदंड आधार पर वित्तीय सुविधाएं देने के लिए शिविर आयोजित किए । लोगों को विषय जानकारों द्वारा उपयोगी बातें व्याख्यान और प्रश्नोत्तरी के माध्यम से बताई जा रही है। प्रिय सखी महिला संघ की सचिव आरती कुशवाह ने बताया कि विकास खंडों में गतिविधियां चलाकर दिव्यांग, बुजुर्गों ग्रामीणों, विद्यार्थियों, युवाओं को बचत, शासकीय योजनाओं के लाभ के तौर तरीके, साइबर धोखधड़ी से बचाव के लिए सावधानियां, डिजिटल बैंकिंग, कंपाउंडिंग आदि के फायदे बताए जा रहे है। इंदौर जिले में दो महत्वपूर्ण शिविर महू रोड स्थित जामली और धार रोड स्थित कलारिया में आयोजित हुए। इन दोनों शिविरों में अग्रणी जिला प्रबंधक, वित्तीय साक्षरता सलाहकार, बैंकों के मैनेजर, प्रियसखी महिला संघ के प्रतिनिधियों के माध्यम से बचत, दिव्यांगों, बुजुर्गों के लिए उपलब्ध सुविधाओं की उपयोगी जानकारी दी गई। साथ ही प्रश्नोत्तरी के माध्यम से भी बैंक, वित्तीय साक्षरता, धोखे से बचने इत्यादि संबंधी जिज्ञासाओं का समाधान किया गया। आरती कुशवाह ने बताया कि शिविरों के क्रम में 29 जून को नाथ मंदिर रोड तुकोगंज इंदौर में और 2 जुलाई को सांवेर जनपद पंचायत परिसर में शहरी -ग्रामीण क्षेत्र के लोगों के लिए संयुक्त कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

# एक साथ 55 स्थानों पर सहज योग से मानसिक शांति का संदेश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी इंदौर के प्रबंध निदेशक श्री अमित तोमर के मार्गदर्शन में कर्मचारी कल्याण, तनाव मुक्ति, सकारात्मकता में बढ़ोत्तरी के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में इंदौर जिले से संबद्ध 9 और कंपनी क्षेत्र के 55 डिविजनों में सहज योग शिविरों का आयोजन किया गया। मुख्य महाप्रबंधक श्री रिंकेश कुमार वैश्य ने बताया कि कंपनी स्तर के शिविरों में बड़ी संख्या में कर्मचारियों, अधिकारियों ने भाग लिया। इस दौरान कार्मिको को तनाव मुक्ति, एकाग्रता में बढ़ोत्तरी, निराशा की बजाए आशावादी सोच का विकास, शांति व संतोष का भाव, जीवन का संतुलन और खुशहाली, सकारात्मकता का संदेश दिया गया। प्रश्नोत्तरी के माध्यम से सहज योग परिवार के विद्वानों ने कार्मिको की जिज्ञासाओं का समाधान भी किया।

# इस्कॉन मंदिर प्रबंधन पर तालाब की भूमि पर कब्जा करने का आरोप

## ◆ निपानिया तालाब की अनदेखी से ग्रामीणों में तीव्र आक्रोश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। सांवेर विधान सभा तथा वार्ड क्रमांक 36 में इस्कॉन मंदिर के निकट स्थित निपानिया तालाब प्रशासनीय अनदेखी का शिकार है। तालाब के अंदर तथा इसके चारो तरफ गंदगी पसरा है। तालाब के तटबंध पर बड़े घास उगने से अगमणीय है तथा तालाब तक निपानिया गांव एवं इस्कॉन मंदिर के तरफ से जाने के लिए कोई उचित पहुँच मार्ग नहीं है।

निपानिया क्षेत्र के इस प्रमुख तालाब के सौंदर्यीकरण, साफ सफाई के लिए अनेकों बार नगर निगम से लेकर जान प्रतिनिधियों का ध्यान आकृष्ट कराया गया है। गांव वालों के अनुसार, निपानिया तालाब के पुनरोत्थान के लिए स्थानीय विधायक द्वारा एक डेढ़ साल पूर्व लगभग 2 करोड़ रुपए से ऊपर का फंड भी रिलीज किया गया पर अबतक किसी भी तरह का विकास कार्य नहीं हुआ है।

निपानिया गांव निवासी मलखान सिंह पटेल, नग्गी दास महाराज ने आरोप लगाया कि इस्कॉन मंदिर प्रबंधन द्वारा निपानिया तालाब के दक्षिणी तटबंध पर गुरुकुल खोलने के लिए मिट्टी भराकर सरकारी जमींन पर कब्जा किया जा रहा है। इस पर ना ही जिला प्रशासन, ना ही स्थानीय प्रतिनिधि एवं विधायक ध्यान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि गांववासी शीघ्र इस सन्दर्भ जिला प्रशासन को इस्कॉन प्रबंधन द्वारा तालाब की सरकारी जमीन पर अवैधानिक कब्जे को रोकने के लिए आवेदन देंगे। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि तालाब के सफाई, घाट बनाने तथा सौंदर्यीकरण का कार्य शीघ्र शुरू किया जाय। तालाब के चारो तरफ आवागमन हेतु पथ का निर्माण एवं ऐनी वाले वर्षा ऋतू में वृक्षारोपण किया जाए।

वार्ड क्रमांक 36 - 37 रहवासी महासंघ के संयोजक के के झा ने कहा कि निपानिया तलाब के सफाई, तटबंध निर्माण, सौंदर्यीकरण तथा वृक्षारोपण पर त्वरित संज्ञान लेने के लिए जिला प्रशासन महापौर एवं स्थानीय विधायक को सोशल मीडिया के माध्यम से सूचित कर चुके हैं।

# बाणेश्वरी कावड़ यात्रा 22 जुलाई से

## विधायक बनने के बाद गोलू शुक्ला की पहली कावड़ यात्रा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। मालवांचल की सबसे बड़ी बाणेश्वरी कावड़ यात्रा इस बार सोमवार 22 जुलाई से 29 जुलाई तक महेश्वर से महाकालेश्वर तक निकाली जाएगी। लगभग 180 किलोमीटर की इस दूरी को शहर के 3 हजार से अधिक श्रद्धालु महेश्वर से मां नर्मदा के दुग्धाभिषेक एवं चुनरी समर्पण के बाद पवित्र जल लेकर महाकालेश्वर पहुंचकर जलाभिषेक करेंगे। इस दौरान समूचे मार्ग पर करीब 11 हजार छाया एवं फलदार पौधे रोपने का संकल्प भी विधायक गोलू शुक्ला के नेतृत्व में लिया गया है। विधायक बनने के बाद गोलू शुक्ला के मार्गदर्शन में यह पहली कावड़ यात्रा होगी। सांवेर रोड स्थित मौनी बाबा आश्रम पर शनिवार रात को आयोजित बैठक में यात्रा संयोजक गोलू शुक्ला ने उक्त कार्यक्रम की घोषणा की। उन्होंने बताया कि 21 जुलाई को मरीमाता चौराहे से बस द्वारा महेश्वर और वहां से 22 जुलाई को यात्रा का शुभारंभ होगा। बैठक में गजासीन शनि मंदिर के महामंडेलश्वर दादू महाराज, महामंडलेश्वर राधे-राधे बाबा, महामंडलेश्वर रामगोपाल दास महाराज, हंसदास मठ के पं. पवनदास महाराज भी मौजूद थे, जिन्होंने कावड़ यात्रा, पर्यावरण, कावड़ से जल चढ़ाने और बोले बाबा को जलाभिषेक का शास्त्रोक्त महत्व बताया। बैठक में मेयर इन कौंसिल के सदस्य मनीष शर्मा, सुमित मिश्रा, जगजीवन प्रजापत, बसंत यादव, नारायण चौहान, कमल शुक्ला, जीवन कश्यप ओम अवस्थी, क्षेत्र क्र. 3 के दिनेश वर्मा, अर्पित बक्षी के साथ क्षेत्र के पार्षद एवं मंडल अध्यक्ष भी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन पप्पू हार्डिया ने किया एवं आभार माना यात्रा प्रभारी दीपेन्द्रसिंह सोलंकी ने।

# स्टेट प्रेस क्लब म.प्र. के राज्य स्तरीय पुरस्कार सम्मान समारोह

## पत्रकारिता की सबसे बड़ी चुनौती विश्वनीयता और सटीकता : मंत्री विजयवर्गीय

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। स्टेट प्रेस क्लब म. प्र. द्वारा जाल सभागार में आयोजित तीन दिवसीय भारतीय पत्रकारिता महोत्सव का राज्य स्तरीय पुरुस्कार वितरण समारोह प्रदेश के नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय , जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट के मुख्य आतिथ्य मे हुआ। इस मौके पर मंच पर समाजसेवी डॉ. जितेंद्र मतलानी, नरेंद्र सलूजा विशेष रूप से उपस्थित थे। समारोह मे इंदौर, भोपाल, जबलपुर, ग्वालियर , रीवा सतना आदि शहरों के राजनेतिक क्षेत्रों मे काम करने वाले प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और नया मीडिया के कई वरिष्ठ पत्रकारों को अंगवस्त्र और ट्रॉफी देकर राज्यस्तरीय पुरस्कार से सम्मानित किया।

अपने संबोधन में मंत्री विजयवर्गीय ने कहा कि यधपि आधुनिक तकनीक के कारण पत्रकारिता आज आसान हो गई है, लेकिन साथ में कुछ चुनौतियां भी बढ़ी है। किसी समय केवल प्रिंट मीडिया ही हुआ करता था, लेकिन अब इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के साथ सोशल मीडिया भी आ गया है। ऐसे में चुनौतिया और बढ़ गई है। इसलिए पत्रकारिता में विश्वनीयता का होना जरुरी है इसलिए पत्रकार जो लिखे वह सत्यता और निष्पक्ष हो। विजयवर्गीय ने आगे कहा कि आज के पत्रकारों को और अधिक परिश्रम करने की जरूरत है और यह बगैर समर्पण के संभव नहीं। इंदौर शहर ने शरद जोशी,प्रभाष जोशी, राजेंद्र माथुर, राहुल बारपुते, वेद प्रताप वैदिक, अभय छजलानी, मानक चंद्र वाजपेयी जैसे वरिष्ठ और महान पत्रकार दिए जो यहाँ की मिट्टी से अतः तक जुड़े रहे। ऐसे पत्रकारों से हम प्रेरणा लेकर स्वयं के जीवन को धन्य करे।

अपने संबोधन में मंत्री सिलावट ने कहा कि पत्रकार बहुत मेहनती होते है और वे किसी भी खबर की तह में जाकर पूरी करते है। पत्रकारो को सच लिखना चाहिए। सिलावट ने पत्रकारिता महोत्सव की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन से पत्रकारिता को भी एक नई दिशा मिलती है। अतिथी स्वागत स्टेट प्रेस क्लब के नवनीत शुक्ला, मनोहर लिंबोदीया, सोनाली यादव, सुदेश गुप्ता, संजीव श्रीवास्तव, पुष्कर सोनी ने किया। अतिथियों को प्रतीक चिन्ह आकाश चौकसे, शीतल राय, प्रवीण कुमार खारीवाल, कीर्ति राणा, बंशीलाल मतलानी ने प्रदान किये। कार्यक्रम का संचालन आलोक वाजपेयी ने किया। आभार माना प्रवीण कुमार खारीवाल ने। कार्यक्रम में विभिन्न राज्यों के पत्रकार और पत्रकारिता के छात्र बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# सिकल सेल बीमारी को खत्म करने के लिए किये जा रहे हैं लगातार प्रयास : सांसद श्री लालवानी

## अंतर्राष्ट्रीय सिकल सेल जागरूकता दिवस पर इंदौर में आयोजित हुई राज्य स्तरीय कार्यशाला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। अंतर्राष्ट्रीय सिकल सेल जागरूकता दिवस के उपलक्ष्य में रविवार को राज्य स्तरीय कार्यशाला का आयोजन अभिनव कला समाज गांधी हाल इंदौर में किया गया। एडवांस्ड होम्योपैथिक मेडिकल रिसर्च एवं वेलफेयर सोसाइटी तथा आयुष मेडिकल वेलफेयर फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में हुए आयोजन में वक्ताओं ने बीमारी की गंभीरता, लक्षण, बचाव के उपाय तथा ईलाज पर अपनी बात रखी। कार्यशाला में सांसद श्री शंकर लालवानी, विधायक श्री रमेश मेंदोला, विधायक श्री महेंद्र हार्डिया, पार्षद श्रीमती विजयलक्ष्मी अनिल गौहर विशेष रूप से मौजूद थे। मुख्य वक्ता के तौर पर प्रो. डॉ. रवि अशोक डोसी, एसोसिएट प्रो. डॉ. वैभव चतुर्वेदी और सिमरन मीरवानी, डॉ. डीएन मिश्रा, डॉ. भूपेंद्र गौतम थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता केंद्रीय होम्योपैथी अनुसन्धान परिषद् के वैज्ञानिक सलाहकार बोर्ड के सदस्य डॉ. ए.के. द्विवेदी ने की।




सांसद श्री शंकर लालवानी ने कहा कि सिकल सेल बीमारी वनवासी क्षेत्र में ज्यादा देखने में आती है। प्रधानमंत्री जी इस बीमारी को खत्म करने के लिए चिंतित है और सरकार द्वारा इसके उन्मूलन के लिए प्रयास भी किए जा रहें।

विधायक श्री महेन्द्र हार्डिया ने कहा कि सिकल सेल को लेकर केंद्र सरकार लगातार काम कर रही है। विधायक ने खून की जांच को पुराने समय से जोड़ते हुए कहा कि हमारे बड़े बुजुर्ग विवाह करने से पहले गोत्र देखते थे और एक गोत्र होने पर विवाह नहीं करते थे। इसका कारण था कि एक गोत्र में शादी होने से सिकल सेल सहित अन् कोई बीमारी है तो उसके अगली पीढ़ी में जाने का खतरा होता था। लेकिन अब हमें सिकल सेल जैसी बीमारियों को अगली पीढ़ी में जाने से रोकने के लिए विवाह से पूर्व खून की जांच करवाना ही चाहिए।

एप्रोच टू अ पेशेंट विथ थ्रेथलेसनेस (स्पेशल रिफ्रेंस टू एनीमिया) विषय पर डॉ. रवि अशोक डोसी ने पॉवरपॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से अपनी बात रखी। उन्होंने बताया कि मरीज को देखते समय किन किन बातों का ध्यान रखना चाहिए। सांसे फूलने को लेकर कहा कि लोगों को इसे गंभीरता से लेना चाहिए। मरीज को देखते समय सांसे फूलने का कारण, जगह, माहौल और इमोशनल फैक्टर को भी देखना चाहिए ताकि उस मरीज की संपूर्ण स्थिति के हिसाब से उपचार दिया जा सके। एनीमिया खून की कमी के कारण भी 25 प्रतिशत लोगों को दमा जैसा प्रतीत होता है, जिसमें मरीज के एनीमिया का इलाज करने से ही वह पूरी तरह ठीक हो जाता है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डॉ. द्विवेदी ने कहा कि भारत सरकार की 2047 में एनीमिया मुक्त भारत की परिकल्पना में सभी चिकित्सकों एवं समाजसेवी संस्थानों तथा जनता को मिलकर सहयोग करना होगा। सिकल सेल की बीमारी अतयंत गंभीर, असाध्य एवं पीढ़ी दर पीढ़ी चलने वाली बीमारी है। इसके लिए जागरूकता के साथ-साथ शादी पूर्व रक्त जांच जब तक अनिवार्य नहीं होगी तब तक बीमारी को अगली पीढ़ी में जाने से रोका जाना असंभव होगा। सिकल सेल का इलाज किसी भी चिकित्सा पद्धति द्वारा अभी तक संभव नहीं हो सका है लेकिन होम्योपैथी चिकित्सा द्वारा सिकल सेल की बीमारी से पीड़ित मरीजों के दुःख दर्द एवं असहनीय पीड़ा को कम किया जा रहा है। होम्योपैथिक चिकित्सा के माध्यम से कई मरीजों को उपचार दिया गया है जो बिना खून चढ़ाए सामान्य जीवन जी रहे हैं।

# कलेक्टर के निर्देश पर यातायात सुधार हेतु सड़कों से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई लगातार जारी

### मुनादी कर फुटपाथ पर किये गये अतिक्रमण को हटाने की दी जा रही है समझाइश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। इंदौर शहर में यातायात सुधार हेतु सड़कों से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई रविवार को भी जारी रही। कलेक्टर श्री आशीष सिंह के निर्देश पर प्रशासन, पुलिस और नगर निगम के संयुक्त अमले द्वारा सड़कों और फुटपाथ में लगी दुकानों को हटाए जाने की कार्रवाई की जा रही है। एसडीएम श्री राकेश परमार, सहायक यंत्री नगर निगम श्री बिराजमान भगोरिया व नगर निगम की रिमूवल गैंग ने आज एमजी रोड, कोठारी मार्केट, रेलवे स्टेशन बड़ी लाइन, जवाहर मार्ग, कपड़ा मार्केट, गोराकुंड से खजूरी बाजार होते हुए किशनपुरा छत्री तक मुनादी कर फुटपाथ पर किये गये अतिक्रमण को हटाने की समझाइश दी गई। व्यापारियों को इंदौर नगर की यातायात व्यवस्था को सुविधापूर्ण बनाने में सहयोग हेतु अनाउंसमेंट किया जा रहा है। दुकानदारों को सूचित किया जा रहा है कि वे फुटपाथ व सड़क के किनारे रखे अपने सामान को हटा लें और यातायात बाधित नहीं करें, अन्यथा की स्थिति में कड़ी वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। चालानी कार्रवाई के साथ ही दुकान को सील भी किया जायेगा।

अपर कलेक्टर श्रीमती सपना लोवंशी ने बताया है कि यातायात सुधार हेतु सड़क सुरक्षा समिति में लिये गये निर्णयों का जिम्मेदारी व गंभीरता से पालन सुनिश्चित कराने हेतु कलेक्टर श्री आशीष सिंह के निर्देश अनुसार ट्रैफिक सेल का गठन किया गया है। नियुक्त अधिकारियों को विभिन्न स्थानों की जिम्मेदारी सौंपी गई है। अधिकारियों द्वारा संबंधित स्थानों पर जाकर कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है। उन्होंने बताया कि पहले दौर में अत्यधिक व्यस्तता वाले लगभग 15 ऐसे क्षेत्रों को चिन्हित किया गया है, जहां सबसे ज्यादा सड़कों पर जाम लगता है। दुकानदारों ने बहुतायात में सामान को सड़कों पर फैला रखा है। ऐसे स्थानों पर से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जा रही है। महारानी रोड, खातीपुरा, शास्त्री मार्केट, पटेल ब्रिज, कोठारी मार्केट, रानीपुरा चौराहा, आनंद बाजार मार्ग, बाम्बे हॉस्पीटल, बंगाली चौराहा, स्कीम नंबर 140, पीपल्याहाना चौराहा, तिलक नगर, बड़ा गणपति जैसे व्यस्ततम और भीड़ वाले क्षेत्रों में कार्रवाई की जायेगी।

# मंत्री सिलावट ने बच्चों को पिलाई पोलियो की दवा



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। इंदौर जिले में रविवार से तीन दिवसीय पल्स पोलियो महाअभियान का शुभारंभ हुआ। अभियान के तहत 0 से 5 साल तक के बच्चों को दो बूंद पोलियो की दवा पिलाई जा रही है। इस अभियान के तहत जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र क्षिप्रा में पहुंचकर बच्चों को पोलियो की दवाई पिलाई गई। श्री सिलावट ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा है कि 5 साल तक के बच्चों को पोलियो की खुराक अवश्य पिलायें। इस दौरान मंत्री श्री सिलावट द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र क्षिप्रा का निरीक्षण भी किया गया। केन्द्र में सभी सेवाएं और कार्य संतोषप्रद पाये गये। मंत्री श्री सिलावट द्वारा स्वास्थ्य केन्द्र में अन्य आवश्यक सुविधाएं एवं परिसर में गार्डन के नवीनीकरण हेतु अनुविभागीय अधिकारी सांवेर को निर्देश दिए गये। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य केन्द्र के उन्नयन के लिए हर संभव सहायता की जायेगी। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधिगण, सीबीएमओ डॉ. वंदना केसरी, डॉ. तृप्ति, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का स्टाफ एवं स्थानीय नागरिकगण मौजूद थे।

# पुण्य, प्रेम और प्रसन्नता बढ़ाने से मिलता है सुख- आचार्यश्री

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इन्दौर। **हमारे जीवन में दुःख आने के बहुत से कारण हैं। हम दुःख के कारणों को दूर करने के बजाए सुख के साधनों को एकत्र करने में जुटे रहते हैं। हमारे जीवन में दुःख के तीन कारण हैं। अभाव, प्रभाव व स्वभाव। इन्हे दूर करने के उपाय भी हैं और वह क्रमशः है पुण्य, प्रेम और प्रसन्नता।**

उक्त विचार स्नेहलतागंज पत्थर गोदाम स्थित श्री गुजराती स्थानकवासी जैन संघ उपाश्रय में आयोजित तीन दिवसीय प्रवचन श्रृंखला के समापन अवसर पर आचार्यश्री विजय कुलबोधि सूरीश्वरजी मसा ने यात्रा दुःख से सुख की और विषय पर संबोधित करते हुए व्यक्त किए। उन्होंने अपने प्रवचनों में सभी श्रावक-श्राविकाओं को धर्मसभा में कहा कि हम सबसे ज्यादा दूसरों के सुख से दुखी रहते हैं। हमारे पास जो है उसके सुख का आनंद नहीं लेते हुए जो दूसरों के पास है उससे ज्यादा दुखी रहते हैं। यह अभाव का दुख है। इसकी दवा का हल जीवन में पुण्य बढ़ाते चलो तो आप सुखी हो जाओगे। श्री नीलवर्णा पाश्र्वनाथ मूर्तिपूजक ट्रस्ट एवं चातुर्मास समिति संयोजक कल्पक गांधी एवं अध्यक्ष विजय मेहता ने बताया कि समापन अवसर पर हजारों की संख्या में जैन धमार्वलबी उपस्थित थे। रविवार को श्री गुजराती स्थानकवासी जैन संघ के पदाधिकारियों ने आचार्यश्री से आशीर्वाद भी लिया। चातुर्मास संयोजक कल्पक गांधी ने बताया कि रेसकोर्स रोड स्थित श्री श्वेताम्बर जैन तपागच्छ उपाश्रय श्रीसंघ ट्रस्ट द्वारा आयोजित 5 दिवसीय प्रवचनों की श्रृंखला का दौर चलेगा। जिसमें आचार्यश्री 24 से 28 जून तक नई दिशा व नई दृष्टि विषय पर प्रातः 9.15 से 10.15 बजे तक प्रवचनों की वर्षा करेंगे।

# श्यामा प्रसाद मुखर्जी को याद किया, श्रद्धा सुमन अर्पित किए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। हुकुम चंद कॉलोनी में भारतीय जनसंघ के संस्थापक श्रद्धेय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें याद किया। कार्यक्रम के दौरान मुकेश खाटवा, लक्की राठौर(हर्ष), शैलेश कहार, चंदर खलीफा, कैलाश दगदी, शिवम, सतनारायण यादव सहित अन्य रहवासी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## रातभर में आधा इंच बारिश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। रविवार देर रात मानसून ने दस्तक दे दी। इस दौरान गरज-चमक के साथ तेज बारिश हुई जिससे मौसम में ठण्डक घुल गई। रात को अलग-अलग दौर में रुक-रुककर बारिश होती रही। इस दौरान आधा इंच बारिश रिकॉर्ड की गई। इसके साथ ही प्री-मानसून और मानसून की एंट्री के साथ अब तक करीब 3 इंच बारिश हो चुकी है। सोमवार सुबह से बादल छाए और फिर धूप निकली। मौसम वैज्ञानिकों ने आज भी तेज बारिश के आसार जताए हैं।

# तीन स्पेशल ट्रेनों की अवधि बढ़ी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। इंदौर से चल रही तीन स्पेशल ट्रेनों के संचालन की अवधि को पश्चिम रेलवे ने बढ़ा दिया है। इंदौर-पुणे साप्ताहिक स्पेशल और इंदौर-हजरत निजामुद्दीन द्विसाप्ताहिक एक्सप्रेस अब दिसंबर तक चलेगी, जबकि महू-इंदौर-पटना एक्सप्रेस सितंबर तक चलती रहेगी। पहले ये तीनों ट्रेन जून तक चलाने की घोषणा हुई थी। अच्छी बुकिंग मिलने के कारण इनकी अवधि को बढ़ाया गया है। रेलवे द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार ट्रेन नंबर 09324 इंदौर-पुणे स्पेशल 25 दिसंबर और 09325 पुणे-इंदौर स्पेशल अब 26 दिसंबर तक चलाई जाएगी। इसी तरह 09309 इंदौर-हजरत निजामुद्दीन स्पेशल एक्सप्रेस अब 29 दिसंबर (हर शुक्रवार और शनिवार) और 09310 हजरत निजामुद्दीन स्पेशल ट्रेन अब 30 दिसंबर तक चलाई जाएगी। ट्रेन नंबर 09343 महू-इंदौर-पटना वीकली स्पेशल ट्रेन अब 26 दिसंबर और 09344 पटना-इंदौर-महू स्पेशल ट्रेन 27 दिसंबर तक चलाई जाएगी। वहीं इंदौर से हजरत निजामुद्दीन के बीच हर शुक्रवार, रविवार और मंगलवार को चलने वाली गरीब रथ एसी स्पेशल एक्सप्रेस की अवधि 1 जुलाई तक है। इस ट्रेन की अवधि अब तक रेलवे ने नहीं बढ़ाई है।

# भस्म आरती दर्शन कराने के लिए श्रद्धालुओं के साथ 14 हजार की ठगी

## मंदिर के सुरक्षा सुपरवाइजर को नौकरी से हटाया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन। विश्व प्रसिद्ध महाकाल मंदिर में भस्म आरती के नाम पर एक बार फिर ठगी का मामला सामने आया है। इस बार आरोप मंदिर के सुरक्षा सुपरवाइजर पर लगा है। उसने मुंबई से आए श्रद्धालुओं से भस्म आरती कराने के लिए 14 हजार की राशि ली थी। जांच के बाद मंदिर प्रबंधन समिति ने उसे नौकरी से हटा दिया है।**



जानकारी के अनुसार श्री महाकालेश्वर मंदिर में भस्म आरती कराने के नाम पर श्रद्धालुओ से रुपए लेने का मामला 21 जून का है। श्रद्धालुओं ने 22 जून को इस संबंध में शिकायत की थी। जांच के बाद मंदिर समिति ने रविवार को सुपरवाइजर को नौकरी से हटाया। मंदिर प्रबंधन समिति ने बताया कि मुंबई के 14 श्रद्धालु बाबा महाकाल की भस्म आरती में शामिल होना चाहते थे। मंदिर की सुरक्षा एजेंसी के सुपरवाइजर सूरज गोमे उन्हें जानता था। वह पहले भी उन्हें भस्म आरती के दर्शन करा चुका था। उसने भस्म आरती दर्शन के लिए प्रति व्यक्ति 1 हजार रुपए की मांग की। श्रद्धालुओं ने उसे 14 हजार रुपए दे दिए। गोमे ने उन्हें अगले दिन अल सुबह मंदिर आने के लिए कहा। श्रद्धालुओं ने संपर्क के लिए गोमे से मोबाइल नंबर लिया। शनिवार तडके सभी 14 श्रद्धालु मंदिर परिसर में पहुंचे और गोमे को फोन लगाया लेकिन उसका मोबाइल लगातार स्विच ऑफ आता रहा। भस्म आरती का समय निकलने के बाद श्रद्धालुओ ने मंदिर प्रशासन को शिकायत दर्ज कराई थी। सहायक प्रशासक मूलचंद जूनवाल ने मामले में सुरक्षा एजेंसी को जांच के निर्देश दिए थे। एजेंसी ने सूरज गोमे को दोषी पाते हुए उसे नौकरी से हटा दिया है।

### लगातार हो रही मंदिर में भस्म आरती के नाम पर ठगी

महाकालेश्वर मंदिर की भस्म आरती विश्व प्रसिद्ध होने के साथ ही श्रद्धालुओ के आकर्षक का केन्द्र रहती है। हजारों रुपए खर्च करके महाकाल दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालु भस्म आरती दर्शन इच्छुक रहते हैं। जिसके लिए कोई भी कीमत चुकाने को तैयार हो जाते है और ठगी के शिकार हो जाते है।

10 अप्रैल को आंध्र प्रदेश के श्रद्धालुओं से एक सेवक रोमीन शर्मा ने भस्म आरती की अनुमति के लिए 14 हजार रुपए ठग लिए थे। जांच के बाद समिति ने सेवक के मंदिर प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया था।

28 मार्च को छत्तीसगढ़ दुर्ग निवासी तुलेश्वरी पति घनश्याम साहू अपनी बहन जानकी और अन्य लोगों के साथ महाकाल के दर्शन के लिए पहुंची थी। यहां सुरक्षा गार्ड सुनील शर्मा और एक अन्य सुरक्षा गार्ड पंकज कारपेंटर ने शयन आरती कराने के नाम पर एक हजार रुपए की ठगी की थी।

# राजस्थान की महिला से 55 लाख रुपए की ठगी

## पंडित धीरेंद्र शास्त्री के भाई पर फर्जी रजिस्ट्री कराने का आरोप, एसपी से शिकायत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**छतरपुर। राजस्थान के जालौन की रहने वाली महिला रविवार दोपहर 3 बजे एसपी कार्यालय एक आवेदन लेकर एसपी कार्यालय पहुंची। जहां उसने एसपी अगम जैन से फर्जी जमीन की रजिस्ट्री के नाम पर 55 लाख रुपए हड़पने के आरोप में बागेश्वर धाम के पंडित धीरेंद्र शास्त्री के चचेरे भाई दीपेन्द्र गर्ग व उनके साथियों पर कार्रवाई की मांग की है।**



दरअसल, पीड़ित दाउमी देवी पिता कमल दास ग्राम राउता थाना बागोड़ा जिला जालौन राजस्थान की रहनी वाली है। पिछले साल जुलाई में बागेश्वर धाम में दर्शन करने के लिए आई थी। यहां वह कुछ दिनों के लिए रूकी थी। इसी दौरान वह आसपास के लोगों से जमीन खरीदने के लिए रेट के बारे में जानकारी ली थी। इसी समय बागेश्वर धाम के पंडित धीरेंद्र शास्त्री के चचेरे भाई दीपेन्द्र गर्ग दीपेंद्र गर्ग व उसका मुनीम नरेंद शर्मा ऋषि चौरसिया, गौरीशंकर चौरसिया निवासी वार्ड नं-33 सटई रोड छतरपुर से मुलाकात हुई। जिसके बाद दीपेंद्र गर्ग ने पीड़िता को 1500 वर्ग फिट का प्लाट दिखाया था। जिसकी कीमत 45 लाख रुपए थी। आरोप है कि दीपेन्द्र गर्ग और उनके साथियों फर्जी जमीन की रजिस्ट्री कराकर 55 लाख रुपए हड़प लिए हैं। जिसकी लिखित शिकायत महिला ने पुलिस अधीक्षक अगम जैन से की है। इधर, बमीठा थाना प्रभारी पुष्पक शर्मा ने बताया कि इस मामले में शिकायती आवेदन आज ( 23 जून) को आया है। मैंने दोनों पक्षों को थाने में बुलाया है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# छात्रा को पिस्टल दिखाकर जबरन कार में खाचरौद ले जाकर दुष्कर्म किया

◆ परिजन बदमाश के चंगुल से छुड़ाकर लाए, आरोपी गिरफ्तार



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन**। दानीगेट क्षेत्र में रहने वाली 19 वर्षीय छात्रा को खाचरौद के युवक ने 19 जून को छोटे पुल पर बुलाया और अपनी फारच्यूनर कार में अपहरण कर खाचरौद स्थित घर ले गया,जहां उसके साथ दुष्कर्म किया। युवती ने परिजनों को स्वयं के खाचरौद में होने की सूचना दी जिसके बाद परिजन युवती को उसके चंगुल से छुड़ा कर उज्जैन लाए और महाकाल थाने में प्रकरण दर्ज कराया। पुलिस ने छात्रा की रिपोर्ट पर आरोपी तनिष्क के खिलाफ दुष्कर्म सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी से पूछताछ के बाद वारदात में प्रयुक्त कार व पिस्टल भी जब्त की जाएगी। मामले में जांच जारी है।

### अश्लील वीडियो डिलीट करने के बहाने मिलने बुलाया

युवती ने परिजनों के साथ महाकाल थाने पहुंच कर पुलिस को बताया कि तनिष्क पिता शांतिलाल मूणत निवासी खाचरौद से जनवरी माह में सगाई की बात चल रही थी तभी उसके परिचय हुआ था। तनिष्क ने उसके मोबाइल में युवती के अश्लील वीडियो बना लिए थे। उसी वीडियो को वायरल करने की धमकी देकर तनिष्क छात्रा को परेशान कर रहा था। 19 जून को तनिष्क ने छात्रा को फोन पर कहा कि मुझसे मिलने छोटे पुल पर आओ,तुम्हारे सामने वीडियो डीलिट कर दूंगा। छात्रा उससे मिलने गई तो तनिष्क अपनी फारच्यूनर कार लेकर खड़ा था। उसने छात्रा को जबरन कार में बैठाया और पिस्टल दिखाकर धमकाने के बाद कार अंदर से लॉक कर ली। तनिष्क ने छात्रा को नशीला पानी पिलाया जिसके बाद वह बेहोश हो गई और उसे खाचरौद स्थित घर पर ले गया और दुष्कर्म किया।

# पत्नी की चाकू मारकर हत्या

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**शाजापुर। जिले के दुपाड़ा गॉव में पति ने चरित्र शंका के चलते पत्नी की हत्या कर दी। हत्या के समय घर में 8 साल का बेटा भी मौजूद था, जिसने पूरा घटनाक्रम पुलिस को बताया। आरोपी पति ने महिला पेट और सीने में चाकू से कई वार किए। सूचना मिलने पर दुपाडा चौकी पुलिस मौके पर पहुँची और शव को जिला अस्पताल मोस्टमार्टम के लिए भेजा। मामले में लालघाटी पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जॉच प्रारंभ की है।**

लालघाटी थाना प्रभारी संजय वर्मा ने बताया कि आरोपी टीपू उर्फ शहरयार ने अपनी पत्नी रुखसार की चाकू मार कर रविवार को हत्या कर दी। आरोपी ने जिस समय इस वारदात को अंजाम दिया उस वक्त उसका नाबालिग बेटा भी मौके पर ही मौजूद था, जिसके न्यायालय में बयान कराए जाएंगे।

उन्हौने बताया कि मृतिका रुखसार के परिजनों का कहना है कि आरोपी आए दिन किसी न किसी बात को लेकर रुखसार के साथ मारपीट करता था, जिसको लेकर रुखसार मायके आ गई थी, लेकिन बाद में आरोपी मनुहार कर रुखसार को अपने साथ दुपाड़ा ले आया था। फिलहाल पुलिस ने मामले में आरोपी के खिलाफ हत्या का प्रकरण दर्ज कर लिया है और शव का पोस्टमार्टम जिला अस्पताल में कराकर परिजनों को सुपुर्द किया है।

गोवंश की हत्या का आरोप

# गुना में मवेशियों के अवशेष मिलने पर हंगामा, लगाया जाम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**गुना**। गुना के सकतपुर स्थित ट्रेंचिंग ग्राउंड पर मवेशियों के अवशेष मिलने पर हंगामा हो गया। गोसेवकों ने रविवार शाम हनुमान चौराहे पर चक्काजाम कर दिया। उनका कहना था कि यह गोवंश के अवशेष हैं। लगातार गोवंश का वध किया जा रहा है, लेकिन कार्रवाई नहीं की जा रही। असल में, ट्रेंचिग ग्राउंड पर कचरा फेंका जाता है। रविवार दोपहर यहां कुछ लोगों को अवशेष दिखे। इनमें सिर और हड्डियां थीं। उन्होंने गोसवकों को सूचना दी। गोसेवकों ने वहां जाकर वीडियो बनाए और कोतवाली पहुंच गए। यहां पुलिस ने कार्रवाई का आश्वासन दिया। गोसेवक संतुष्ट नहीं हुए। वे हनुमान चौराहे पहुंच गए और चक्काजाम कर दिया।



# किसान की बेटी ने रूस में बॉक्सिंग चैंपियनशिप में जीता कांस्य पदक

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**खाचरोद**। नागदा के खाचरौद में किसान परिवार की बेटी मंजू ने रूस के कजान शहर में चल रहे वल्ड ब्रिक्स स्पोट्स 2024 में विश्व बॉक्सिंग चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता। कजान शहर में मौजूद उनके पिता शांतिलाल बांबोरिया ने बताया कि 17 जून से 23 जून तक वल्ड ब्रिक्स स्पोट्स का आयोजन हुआ। इसमें विश्व के 16 देशों के 160 खिलाड़ियों ने भाग लिया था। मंजू ने उजबेकिस्तान की अब्दुलवीया हेडीजाबोनू को हराकर कांस्य पदक पक्का किया। मंजू 8 साल की उम्र में घर पर ही बॉक्सिंग की तैयारी करती थी। स्कूल चैंपियनशिप में जूनियर वर्ग में, फिर जिला, संभाग और स्टेट में शानदार प्रदर्शन के बाद स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया के चयनकर्ताओं ने उसे भोपाल की एकेडमी में भर्ती कर लिया।

# संपादकीय

## योग - भारत में एक नया आयाम मिला

हमारे देश में वैसी उपलब्धियों और धरोहरों की एक लंबी श्रृंखला है, जिनकी वजह से दुनिया भर में भारतीयता को एक सम्मान की नजर से देखा जाता है। मगर हाल के वर्षों में योग एक ऐसे पहलू के रूप में उभरा है, जिसे न केवल भारत में एक नया आयाम मिला है, बल्कि इसे विश्व भर में लोगों ने बेहद रुचि के साथ देखा, सीखा और अपनाया। सच यह है कि एक ऐतिहासिक धरोहर और नायाब तोहफे के रूप में योग के सहारे स्वास्थ्य का कायाकल्प करने के लिए एक दृष्टि देने के लिहाज से भारत को दुनिया भर में नेतृत्व करने का मौका मिला है। यह बेवजह नहीं है कि आज भारत सहित दुनिया के कई देशों, बड़े-बड़े संस्थानों और विश्वविद्यालयों तक में व्यापक पैमाने पर लोगों के बीच योगासन बेहद लोकप्रिय हुआ है और इसके प्रत्यक्ष लाभ भी देखे जा रहे हैं। इसलिए योग और इसके दर्शन के महत्व को समझा जा सकता है। मगर दूसरे पहलू से देखें तो यह अफसोस की बात है कि 'योग दिवस' के रूप में इसे वर्ष में सिर्फ एक दिन के उत्सव की तरह देखा जाने लगा है। जबकि रोजमर्रा के जीवन में नियमित अभ्यास के रूप में ही इसकी अहमियत आंकी जा सकती है।दरअसल, वैश्विक स्तर पर योग की लोकप्रियता के समांतर यह भी देखा जा रहा है कि एक ओर बहुत सारे देशों में लोग इसके प्रति आकर्षित हो रहे हैं और इसकी उपयोगिता के लिहाज से इसे अपना रहे हैं, तो दूसरी ओर अपने देश में कई बार इसे एक मौके को भुनाने के तौर पर भी इस्तेमाल किया जाने लगा है। इसका एक नकारात्मक पहलू इस रूप में सामने आया है कि दिनचर्या के हिस्से के रूप में उपयोगी माने जाने वाले योग को मुख्यधारा के प्रचार माध्यमों में अब 'योग-दिवस' में केंद्रित करके देखा जाने लगा है। इस मौके पर खासतौर पर टीवी चैनलों पर जिस तरह के कार्यक्रम पेश किए जाने लगते हैं, प्रस्तुतियों में जैसी हरकतें दिखती हैं, एक विचित्र चकाचौंध दिखता है, उससे योग जैसे गंभीर और महत्त्वपूर्ण विषय की गरिमा कम होती है। करीब दस वर्ष पहले भारत ने संयुक्त राष्ट्र में जब अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाने का एक प्रस्ताव रखा था, तब उसे बहुत सारे देशों का समर्थन मिला और उसके बाद संयुक्त राष्ट्र ने इसे मंजूरी दी थी। आज समूची दुनिया भारत के इस मंत्र को मान रही है कि स्वस्थ रहने के लिए योग से बेहतर कुछ नहीं। भारत सहित विश्व भर में जहां भी यह लोकप्रिय हुआ, वहां लोगों ने इसके महत्व को समझते हुए स्वतः स्फूर्त तरीके से इसे अपनाया। योग के मूल दर्शन और इसकी उपयोगिता को देखते हुए इसे इसी रूप में प्रोत्साहित किया जाना चाहिए, ताकि लोग अपने भीतर की प्रेरणा से इसे अपनाएं। मगर विडंबना यह है कि विश्व के अनेक देशों में जहां योग को स्वस्थ रहने के लिए एक तोहफे के तौर पर देखा जा रहा है, वहां हमारे देश में इसे अपने-अपने विज्ञापन और प्रचार का जरिया भी बनाया जा रहा है। टीवी चैनलों पर योग के नाम पर पेश किए कार्यक्रमों का मकसद टीआरपी हासिल करना रह गया लगता है, जो शर्मनाक और चिंता का विषय है। इतिहासबोध के साथ देखें तो एक नायाब विरासत के रूप में योग की जो गरिमा रही है, उसके मद्देनजर इसे अपने प्रचार का जरिया बनने से बचाना होगा। मानव स्वास्थ्य के लिए योग का महत्त्व इसकी सादगी में रहा है और इसकी उपयोगिता को इसी रूप में स्थापित होना चाहिए।

### अर्ज किया है..!

*जिस सदी में वफ़ा का*
*चलन ही नहीं*
*हम बनाए गए*
*उस सदी के लिए*

*- मंसूर उस्मानी*

MORARI BAPU



सत्य-प्रेम-करुणा...

## अपने देह पर अभिमान नहीं करना ही निर्वाण का सूत्र है...

साभार - Chitrakutdham Talgajarda

### सैर-सपाटा

# आगरा में फेमस हैं ये 5 मंदिर, एक में स्थापित हैं कैलाश से लाए गए शिवलिंग

भारत की हर एक जगह पर कुछ मंदिर काफी ज्यादा फेमस हैं। बात करें ताज नगरी आगरा की तो यहां पर भी ढेरों मंदिर हैं। यहां कुछ बेहद फेमस मंदिर के नाम बता रहे हैं जहां पर भक्तों की भीड़ हमेशा लगी रहती है। एक मंदिर तो ऐसा है जहां पर कैलाश से 2 शिवलिंग लाकर स्थापित किए हैं।



### ◆ 1) श्री खाटू श्याम जी मंदिर

ये मंदिर पूरे उत्तर प्रदेश में सबसे बड़ा खाटू श्याम जी मंदिर है। ये पूरी तरह से राजस्थान के सबसे पुराने खाटूश्याम जी मंदिर से प्रेरित है। आगरा के जियोनी मंडी में बना यह 3 मंजिला मंदिर सुबह 5:30 से रात 9 बजे तक खुला रहता है। माना जाता है कि खाटू श्याम की प्रार्थना श्री कृष्ण की प्रार्थना के समान ही की जाती है।

### ◆ 2) श्री मनकामेश्वर मंदिर

श्री मनकामेश्वर मंदिर आगरा के सबसे पुराने मंदिरों में से एक है। रिपोर्ट्स कहती हैं कि ये मंदिर ताज महल से भी बहुत पुराना है। कई बड़े त्योहारों के दौरान यहां पर सबसे ज्यादा भीड़ होती है। यह मंदिर रावतपारा में है और ये सुबह 5:30 बजे से रात 8:30 बजे तक खुला रहता है।

### ◆ 3) दयालबाग मंदिर

ये मंदिर राधा स्वामी आस्था का है। मंदिर की अनूठी और सुंदर वास्तुकला, शांतिपूर्ण वातावरण के लिए जानी जाती है। इस मंदिर का काम 1904 में शुरू हुआ था, हालांकि इसे 1980 में जनता के लिए खोल दिया गया।

### ◆ 4) बल्केश्वर महादेव मंदिर

बल्केश्वर महादेव मंदिर महादेव शिव को समर्पित है, और ये 700 साल से ज्यादा पुराना है। कहा जाता है कि एक गाय इस क्षेत्र में नदी के पास घूम रही थी और एक स्थान पर वह जोर-जोर से रंभाने लगी, जिसने आसपास के सभी ग्रामीणों का ध्यान आकर्षित किया। उसी जगह पर एक शिव लिंग पाया गया और लोगों द्वारा यहां एक शिव मंदिर का निर्माण किया गया।

### ◆ 5) कैलाश मंदिर

आगरा में कैलाश मंदिर एक स्थानीय शासक राजा सूरजमल द्वारा बनवाया गया शिव मंदिर है। कहा जाता है कि राजा सूरजमल को एक सपना आया था जहां खुद महादेव शिव उनके सपने में आए थे। इसलिए इसे एक अच्छा शगुन मानकर राजा सूरजमल ने अपने लोगों की एक टीम कैलाश पर्वत पर भेजी और वहां से वह एक शिवलिंग स्वरूप आगरा ले आएं। उनकी टीम ने ऐसे 2 अनोखे शिवलिंग खरीदे और आगरा में इस कैलाश मंदिर का निर्माण किया गया।

Jharkhand

# अब बोतल बंद पानी में मिली छिपकली, रेलवे स्टेशन के पास मचा खूब बवाल

**जमशेदपुर, (एजेंसी)** कुछ दिनों पहले आइसक्रीम से इंसान की कटी हुई उंगली निकली थी। इसकी तस्वीर सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुई। इस घटना के कुछ ही दिनों के भीतर देशभर से कई तस्वीरें सामने आने लगीं हैं। कभी चिप्स के पैकेट से मेंढक निकलता है तो कभी सांभर और चॉकलेट सिरप से मरा हुआ चूहा। ऐसे में अब झारखंड में बोतल बंद पानी में मरी हुई छिपकली दिखी है। कस्टमर ने रेलवे स्टेशन के पास पानी खरीदा था।

रेलवे स्टेशनों के आसपास अक्सर हमें ब्रांडेड पानी की बोतल खरीदने के लिए भटकना पड़ता है। डुप्लीकेट बोतल बंद पानी धड़ल्ले से बेची जाती हैं। ऐसे में यह शक रहता है कि पानी की गुणवत्ता अच्छी होगी या नहीं।



लेकिन किसी बोतल से छिपकली का निकलना तो दहला देने वाला है। कुछ ऐसा ही टाटानगर स्टेशन पार्किंग के पास हुआ। एक कांग्रेस नेता के बोतल में मरी हुई छिपकली दिखी। स्टेशन पार्किंग के पास रविवार दोपहर सिल्की ड्रॉप बोतलबंद पानी में छिपकली मिलने से हड़कंप मच गया। बोतल खरीदने वाले टाटानगर मंडल कांग्रेस के अध्यक्ष मुन्ना मिश्रा व अरुण सिंह ने इसपर आक्रोश जताया है। दुकानदार मोना साहू से पूछताछ के बाद पानी के डिस्ट्रीब्यूटर को बुलाकर दोनों ने फटकार लगाई। जिला फूड सेफ्टी अधिकारी से भी सोमवार को इसकी शिकायत करेंगे। बताया जाता है कि मुन्ना मिश्रा व अरुण सिंह साथियों के साथ बैठे थे। प्यास लगने पर टाटानगर स्टेशन पार्किंग के पास मोना साहू की दुकान से पानी का बोतल मंगवाया।

Uttarpradesh

## शादी के दिन ब्यूटी पार्लर में सजने गई दुल्हन की गोली मारकर हत्या, देखती रह गईं बहन और सहेलियां

**झांसी, (एजेंसी)** यूपी के झांसी में बारात आने से चंद घंटे पहले तैयार होने पार्लर गई दुल्हन को एक युवक ने गोली मार दी. गोली लगने के बाद झांसी मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान दुल्हन की मौत हो गई.

जैसे ही दुल्हन को गोली मारे जाने की खबर घर में फैली शादी की खुशियां मातम में बदल गई. परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है. सूचना मिलते ही थाने की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और छानबीन शुरू कर दी है. पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर आरोपी की गिरफ्तारी के लिए दबिश देना शुरू कर दिया है.

दरअसल मध्य प्रदेश में दतिया जिले के सोनागिरि थाना क्षेत्र में बरगांव की रहने वाली 22 साल की काजल की शादी झांसी में राज नाम के युवक के शादी तय हुई थी. झांसी के मैरेज हॉल निशा गार्डन में शादी समारोह चल रहा था और रिश्तेदारों का आना-जाना लगा हुआ था. गाने-बजाने का कार्यक्रम चल रहा था और इसी दौरान बारात आने से पहले दुल्हन तैयार होने के लिए नजदीक के ही ब्यूटी पॉलर्र गई थी. उसके साथ उसकी बहन नेहा और अन्य सहेलियां भी गई हुई थीं. काजल तैयार हो रही थी और उसका मेकअप अंतिम चरण में था. इसी दौरान मुंह पर रुमाल बांधकर एक लड़का पहुंचा और फिल्मी स्टाइल में कहने लगा कि काजल बाहर आओ , तुमने हमें धोखा दिया. यह सुनकर दुल्हन ने बाहर आने से मना कर दिया था जिस पर उसने पार्लर में दुल्हन को गोली मार दी. गोली चलने की आवाज से वहां चीख-पुकार मच गई. दुल्हन को खून से लथपथ देख आनन-फानन में इसकी सूचना पुलिस और एंबुलेसं को दी गई. इसके बाद उसे इलाज के लिए झांसी मेडिकल कॉलेज लाया गया जहां उसकी मौत हो गई. गोली मारने वाला दुल्हन का आशिक बताया जा रहा है जिसकी तलाश में पुलिस जुटी हुई है.

Uttarpradesh

## कानपुर में हिट एंड रन... टक्कर मारकर भाग रहा था कार ड्राइवर, युवक ने रोकने की कोशिश की तो बीच सड़क पर रौंदा

**कानपुर, (एजेंसी)** कानपुर में हिट एंड रन का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है. आरोपी गाड़ी चालक रुकने के इशारे के बाद भी सिंचाई विभाग के कर्मचारी को रौंदते हुए मौके से फरार हो गया. इस घटना का जो वीडियो सामने आया है उसमें कुछ लोग एक सफेद रंग की वेन्यू गाडी को रोकते हुए दिखाई दे रहे हैं. इसके बाद ड्राइवर गाड़ी की स्पीड बढ़ा देता है और एक शख्स को कुचल कर उसके ऊपर से गाड़ी लेकर वहां से भाग जाता है. मृतक की पहचान भोला तिवारी के रूप में हुई है जो पूर्व वकील रहे हैं और वर्तमान में सिचाई विभाग के कर्मचारी थे. दरअसल यह पूरा मामला रविवार रात को कानपुर के रैना मार्केट के पास का है जहां पर किसी गाड़ी को टक्कर मारकर भाग रहे हुंडई वेन्यू गाड़ी को जब कुछ लोगों ने रोकने की कोशिश की, तो रोकने की जगह ड्राइवर ने गाड़ी की स्पीड बढ़ा दी. इसी दौरान गाड़ी को रोकने का प्रयास करने वाले व्यक्ति भोला तिवारी को ड्राइवर ने अपनी गाड़ी से 40 मीटर तक घसीटा और फिर उसे कुचल कर फरार हो गया. वहां मौजूद एक शख्स ने इस घटना को अपने फोन में रिकॉर्ड कर लिया.

New Delhi

## बेटा न होने पर जुड़वां बेटियों का कर दिया कत्ल, दिल्ली में शर्मनाक वारदात

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** राजधानी दिल्ली को शर्मसार करने वाली घटना सामने आई है। बाहरी दिल्ली के पूठकलां गांव में करीब 20 दिन पहले एक परिवार ने जुड़वां बच्चियां पैदा होने पर दोनों नवजात बच्चियों को मार डाला और आनन-फानन में शव को भी दफना दिया। महिला का पति और ससुराल वाले बेटा चाहते थे। इस संबंध में मामला दर्ज होने के बाद से बच्चियों का पिता और उसका परिवार फरार है।

दरअसल, जुड़वां बच्चियों होने के कारण महिला का पति और उसके घरवाले नाराज थे। इसलिए उन्होंने महिला के होश में आने से पहले ही वारदात को अंजाम दे डाला। हालांकि, महिला ने होश में आने के बाद जब बच्चियों के बारे में पूछा तो पति ने दोनों बच्चियों के बीमार होने के कारण मौत का बहाना बना दिया। इस पर महिला और उसके मायके वालों को शक हुआ तो मामले की शिकायत पुलिस से की गई। इसके बाद शिकायत पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने दफना दिए गए बच्चियों के शवों को कब्र से बाहर निकाला और मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। मामला दर्ज होने के बाद से ही पति परिवार समेत फरार है। जानकारी के मुताबिक, नवजात बच्चियों की मां हरियाणा के रोहतक की रहने वाली है। उसकी शादी 2022 में बाहरी दिल्ली के पूठकलां में रहने वाले नीरज सोलंकी नाम के एक शख्स से हुई थी। वह जब गर्भवती हुई तो ससुराल वाले चाहते थे कि वह बेटे को जन्म दे, लेकिन महिला ने जुड़वां बेटियों को जन्म दे दिया। इससे परिवार के लोग परेशान हो गए। योजना के मुताबिक, परिजन महिला को रोहतक में छोड़कर बच्चियों को यह कहकर ले आए कि मां जब स्वस्थ हो जाएगी तो बच्चियों से मिल लेगी, तब तक घर के अन्य सदस्य बेटियों की देखभाल करेंगे।

खेल

# टी20 विश्व कप में दूसरी बार 10 विकेट से जीती इंग्लैंड, सेमीफाइनल में पहुंचने वाली पहली टीम बनी

**बारबाडोस।** तेज गेंदबाज क्रिस जॉर्डन के शानदार प्रदर्शन के बाद कप्तान जोस बटलर और फिल सॉल्ट की सलामी जोड़ी ने बेहतरीन खेल दिखाया जिससे इंग्लैंड ने अमेरिका को 10 विकेट से हरा दिया। इस जीत के साथ ही गत चैंपियन इंग्लैंड मौजूदा टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंचने वाली पहली टीम बन गई। टूर्नामेंट में यह दूसरी बार है जब इंग्लैंड ने बिना कोई विकेट गंवाए जीत दर्ज की है। अमेरिका से पहले इंग्लैंड ने 2022 में भारत को भी इसी अंतर से मात दी थी।

क्रिस जॉर्डन की हैट्रिक के दम पर इंग्लैंड ने सुपर आठ चरण के मुकाबले में अमेरिका की पारी 18.5 ओवर में 115 रन पर ढेर कर दी। जवाब में इंग्लैंड ने महज 9.4 ओवर में बिना किसी नुकसान के 117 रन बनाकर मैच अपने नाम किया। इंग्लैंड के लिए बटलर ने 38 गेंदों पर छह चौकों और सात छक्कों की मदद से नाबाद 83 रन और फिल सॉल्ट ने 21 गेंदों पर दो चौकों



के सहारे 25 रन बनाए। ग्रुप चरण में शानदार प्रदर्शन करने वाली अमेरिका टीम का प्रदर्शन सुपर आठ में निराशाजनक रहा और टीम ने अपने तीनों मुकाबले गंवाए और वह टूर्नामेंट से बाहर हो गई। इस धमाकेदार जीत से इंग्लैंड की टीम सुपर आठ चरण के ग्रुप दो में तीन मैचों में दो जीत और एक हार के साथ चार अंक लेकर शीर्ष पर पहुंच गई है। इंग्लैंड का नेट रन रेट +1.992 हो गया जो दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज से बेहतर है।

**बटलर-सॉल्ट की शतकीय साझेदारी-** लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लैंड की टीम को बटलर और सॉल्ट ने दमदार शुरुआत दिलाई। शुरुआती दो ओवरों में इंग्लैंड ने धीमी बल्लेबाजी की, लेकिन तीसरा ओवर डालने आए सौरभ नेत्रवलकर पर बटलर और सॉल्ट ने हमला बोला। इंग्लैंड ने इस ओवर से 19 रन निकाले। इसके बाद दोनों बल्लेबाजों ने धुआंधार बल्लेबाजी जारी रखी और पावरप्ले समाप्त होने तक बिना किसी नुकसान के 60 रन बोर्ड पर जोड़ दिए। बटलर ने छक्के के साथ 32 गेंदों पर अपना अर्धशतक पूरा किया। पचासा पूरा होने के बाद बटलर ने विस्फोटक बल्लेबाजी की। उन्होंने नौवां ओवर डालने आए हरमीत सिंह के ओवर में 32 रन जुटाए और लगातार पांच छक्के जड़े और फिर अगले ओवर में चौका लगाकर टीम को जीत दिलाई।

**हरमीत ने डाली टी20 विश्व कप की पांचवीं महंगी ओवर-** अमेरिका के बाएं हाथ के स्पिनर हरमीत सिंह के नाम एक अनचाहा रिकॉर्ड दर्ज हो गया। हरमीत ने इंग्लैंड के खिलाफ एक ओवर में 32 रन लुटाए और वह टी20 विश्व कप के एक ओवर में सर्वाधिक रन लुटाने वाले पांचवें गेंदबाज बन गए। इंग्लैंड के तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड और अफगानिस्तान के अजमातुल्लाह ओमरजई के नाम टी20 विश्व कप में सबसे महंगा ओवर फेंकने का अनचाहा रिकॉर्ड दर्ज है। ब्रॉड ने 2007 में भारत के खिलाफ और ओमरजई ने 2024 में वेस्टइंडीज के खिलाफ एक ओवर में 36 रन लुटाए थे।

सिनेमा

# पति-पत्नी बने सोनाक्षी-जहीर



बॉलीवुड एक्ट्रेस सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल एक-दूजे के हो चुके हैं. दोनों ने 23 जून को स्पेशल मैरिज एक्ट के तहत शादी रजिस्टर की. सोशल मीडिया पर कपल ने शादी की तस्वीरें शेयर की हैं, जिनमें दोनों ही बेहद खूबसूरत नजर आ रहे हैं. सोनाक्षी और जहीर ने शादी पर अपना लुक काफी सिंपल रखा था. सोनाक्षी और जहीर ने फोटोज शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा- आज से 7 साल पहले (23.06.2017) को हम दोनों ने एक-दूसरे की आंखों में देखा था. प्यार एक खूबसूरत चीज होती है. और हम दोनों ने उसी दिन बस तय कर लिया था कि आज के बाद साथ रहेंगे. हमारे इस प्यार ने बहुत सारी मुश्किलें पार की हैं. हमारे दोनों परिवारों की ब्लेसिंग्स और दोनों भगवान के आशीर्वाद की बदौलत हम यहां तक आ पाए हैं. हम पति-पत्नी बन चुके हैं. सोनाक्षी और जहीर- 23.06.2024. बता दें कि सोनाक्षी और जहीर पिछले 7 सालों से एक-दूसरे के साथ रिलेशनशिप में थे. अब दोनों ने रिश्ते को नाम दे दिया है. वेडिंग सेरेमनी पर शत्रुघ्न सिन्हा और पूनम सिन्हा के अलावा कुश सिन्हा मौजूद रहे. इसके अलावा जहीर का पूरा परिवार था. बेस्टफ्रेंड साकिब सलीम, हुमा कुरैशी समेत आयुष शर्मा, सिद्धार्थ और अदिति राव हैरी भी शादी अटेंड करने के लिए पहुंचे थे.

## Highlights

1. Why is Opposition protesting against pro-tem Speaker appointment?
2. 68 questions of burnt 'leaked' question paper matched with NEET exam paper: Report
3. Kerala's Kozhikode becomes India's 1st UNESCO 'City of Literature'
4. Opp'n MPs won't assist BJP's pro-tem Speaker in LS today: Reports
5. 1st session of 18th Lok Sabha begins, Bhartruhari Mahtab takes oath as pro-tem Speaker

# This Bengaluru startup fired 80% of its employees after failing to secure funding

**Bengaluru, (Agency).** based ReshaMandi which specialises in silk yarn products laid off 80% of its workforce as it failed to secure Series B funding. The company has been downsizing its operations since last year and had 500 employees in January 2023 which reduced to around 100 by the end of the year. From these, almost 300 employees of the company are still awaiting their final dues and salaries, reports claimed.

Citing rapid expansion across verticals after the company raised funds in October 2021, Inc42 reported quoting ReshaMandi's employees, "The company fell victim to the growth-at-all-costs mindset, which drove it to inflate revenues in FY23 and FY22. It's very likely that Temasek and




other investors caught wind of the allegations now being raised by employees on social media and in their conversations with us."

ReshaMandi was founded in 2020 and raised over $40 million in equity funding from investors like Creation Investments, Omnivore, Venture Catalysts, and others. The company also secured nearly ₹300 crore in debt from venture debt investors and lenders.

After this, it faced financial challenges, leading to employee layoffs starting in June 2023 when employees were reportedly offered opportunity to work without salaries for three months before being sacked.

Elevate your career with VIT's MBA programme that has been designed by its acclaimed faculty & stands out as a beacon for working professionals

# Quant Mutual Fund faces Sebi probe in front-running case, issues clarification

**NEW DElHI, (Agency).** Quant Mutual Fund received inquiries from Securities and Exchange Board of India (Sebi) and is fully committed to complying with the review, the multi-asset manager said in a statement. The $11 billion manager said it will provide the stock market regulator with all necessary support including supplying data on a regular basis after it was reported that the fund's Mumbai headquarters was searched by Sebi on suspected front-running.

Front-running is the trading of stocks by someone privy to information about a



large impending transaction that will move prices. It is illegal in India. Moneycontrol reported that the search and seizure operation was conducted at locations in Mumbai and Hyderabad and Quant dealers and people connected with the case were questioned.

Quant Mutual Fund said in the statement, "We are dedicated to maintaining transparency and adherence to regulatory standards." Quant Mutual Fund is one of India's largest asset managers and has been a key beneficiary of the surging inflows into stock market from local individual investors. A similar turn of events in 2022 at another mutual-fund business raised fears about increased regulatory scrutiny of the entire Indian mutual fund industry.

# भाजपा नेता की हत्या के आरोपी गिरफ्तार

## मंडीदीप में रिश्तेदार के यहां छुपे थे दोनों बदमाश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। शनिवार की रात बीजेपी नेता मोनू कल्याणे की हत्या करने वाले दोनों आरोपियों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। उन्हें भोपाल के नजदीक मंडीदीप से पकड़ा गया। वे यहां एक रिश्तेदार के यहां छिपे थे। पुलिस उनसे वारदात में इस्तेमाल की गई पिस्टल के बारे में पूछताछ कर रही है। दोपहर तक आरोपियों को इंदौर लाने की तैयारी है।

मोनू की हत्या के पीछे इलाके में वर्चस्व की लड़ाई की बात सामने आ रही है। पुलिस का मानना है कि मोनू की हत्या करने वाले पीयूष और अर्जुन के साथ इस हत्याकांड में पर्दे के पीछे से भाजपा का एक और नेता शामिल है। वह मोनू के भाजपा में बढ़ते कद से रंजिश रखता था। हत्याकांड के पहले से ही वह नेता इंदौर से बाहर चला गया। दोनों आरोपियों के साथ इस भाजपा नेता को भी डर था कि मोनू को नहीं मारा तो वह उन्हें मार देगा।

पीयूष और अर्जुन को पकडऩे के लिए पुलिस लगातार दबिश दे रही थी। पुलिस ने मोनू की कॉल डिटेल भी खंगाली थी। इंदौर-भोपाल रोड के टोल नाके पर दोनों बाइक से जाते दिखाई दिए थे। दोनों की आखिरी लोकेशन मंडीदीप के आसपास मिली थी। इसके बाद क्राइम ब्रांच ने दोनों की घेराबंदी कर ली थी।



### भगवा यात्रा न निकालने के लिए मिल रही थी धमकियां

पुलिस मोनू द्वारा रविवार शाम निकाली जाने वाली भगवा यात्रा के एंगल पर भी जांच कर रही है। इसके लिए वह कई दिनों से प्रचार कर रहा था। दरअसल, मोनू ने बीते दिनों एक गैंगस्टर के धार्मिक यात्रा निकाले जाने के बाद से ही कहना शुरू कर दिया था कि वह इससे भी बड़ी यात्रा निकालेगा। इसी बात को लेकर गैंगस्टर से जुड़े भाजपा नेता और दूसरे लोग मोनू से चिढ़ गए थे। वे मोनू को यह यात्रा नहीं निकालने देना चाहते थे। इसके लिए लगातार उसे धमकी दे रहे थे।

### अब पिस्टल उपलब्ध कराने वाले की तलाश

शनिवार-रविवार की दरमियानी रात करीब 3 बजे एमजी रोड इलाके में भाजपा युवा मोर्चा के नगर उपाध्यक्ष मोनू कल्याणे की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मोनू मंत्री मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का करीबी माना जाता था। इधर हत्यारों को डर था कि मोनू भी उन लोगों की हत्या की तैयारी कर रहा है। इसके पहले पूरी प्लानिंग कर मोनू की ही हत्या कर दी। गैंगस्टर से जुड़े भाजपा कार्यकर्ता और उसके साथियों ने मोनू को रविवार को भगवा यात्रा नहीं निकालने देने की बात भी कही थी। जिसके बाद भी मोनू यात्रा कि लगातार तैयारी कर रहा था। यही बात हत्या के पहले पीयूष और अर्जुन ने मोनू से कही थी। मोनू नहीं माना तो दोनों ने उस पर फायर कर दिया। पुलिस फायर करने वाली पिस्टल की भी जांच कर रही है। पुलिस पिस्टल सप्लाय करने वाली गैंग की भी तलाश कर रही है।

## पेड़ पर लटका मिला युवक का शव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। महू के सिमरोल थाना क्षेत्र में आने वाले ग्राम दातोंदा में रविवार सुबह करीब 10 बजे एक युवक का शव का पेड़ पर फंदे से लटकता मिला। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पेड़ से उतार कर पीएम के लिए भेजा। इधर गांव के पास शव मिलने की सूचना लगते ही मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ लग गई। मामले में सिमरोल थाना प्रभारी अमित कुमार ने बताया कि टीम के साथ मौके पर पहुंच कर देखा गया तो शव पेड़ पर रस्सी के सहारे शव लटका हुआ था। शव को देखने पर यह प्रतीत हो रहा है कि युवक ने आत्महत्या की होगी, जिसकी उम्र लगभग 35 से 40 वर्ष है। अभी मृतक की पहचान नहीं हो पाई है, फिलहाल पूरे मामले की जांच जारी है।

## पड़ोसी ने दिव्यांग नाबालिग के साथ किया बलात्कार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। पीथमपुर के सागौर थाना क्षेत्र में घर के पास रहने वाले आरोपी ने एक दिव्यांग नाबालिग से बलात्कार किया। पीड़िता और परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी पर केस दर्ज कर तलाश शुरू कर रविवार को गिरफ्तार कर लिया।**

जांच अधिकारी उप निरीक्षक चांदनी चौहान ने बताया कि शनिवार रात को पीड़िता अपने माता-पिता के साथ थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। उसने बताया कि 17 जून को उसके मकान के पास रहने वाले आरोपी ने मौका पाकर उसके साथ बलात्कार किया। परिजनों ने बताया कि नाबालिग मानसिक रूप से दिव्यांग है। मामले की शिकायत करने थाने जाते समय आरोपी ने उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने पीड़िता और परिजनों की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ 376,376(3) के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को पकडऩे के लिए टीम को रवाना की। इसके बाद रविवार को आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया।




### 3 बार पलटी खाई कार, 2 युवक घायल

इंदौर। महू के बड़गोंदा थाना क्षेत्र में आने वाले आशापुरा में एक तेज रफ्तार कार तीन बार पलटी खा गई, घटना में दो लोगों को गंभीर चोट लगी है। जानकारी के अनुसार घटना रविवार शाम 6 बजे करीब की है। यहां आशापुरा गांव के पास मोड़ पर बडगोंदा की तरफ से आ रही तेज रफ्तार टाटा नैनो कार असंतुलित हो गई और 3 बार पलटी खा गई। घटना देख यहां मौजूद ग्रामीण तुरंत कार के पास पहुंचे और कार में सवार युवकों को गाड़ी में से बाहर निकाला। यहां मौजूद ग्रामीणों ने बताया कि कार काफी तेज रफ्तार से आ रही थी। कार में कुल 5 युवक सवार थे, जिसमें से 2 युवकों को गंभीर चोट लगी है। मौके पर पहुंची 108 एंबुलेंस घायलों को शहर के सिविल अस्पताल लेकर पहुंची है।

### निगमकर्मी को मारे चांटे

इंदौर। नगर निगम के एक सफाईकर्मी के साथ मारपीट की गई। आरोपी ने जाति सूचक शब्द कहकर उसे चांटे मारे। रावजी बाजार थाने में सफाई संरक्षक जितेंद्र पिता प्रकाश नरवाले निवासी नार्थ कमाठीपुरा रामबाग की शिकायत पर आरोपी सौरभ शुक्ला के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है। दरअसल शनिवार को नगर निगम की कचरा गाड़ी डोर टू डोर कचरा उठाने का काम कर रही थी। तभी भाट मोहल्ला सांई मंदिर के पीछे आरोपी सौरभ शुक्ला के घर के नजदीक गाड़ी को पलटा रहे थे तभी आरोपी ने बेवजह विवाद किया और जाति सूचक शब्द कहकर जितेंद्र को चांटे मारे। विवाद को लेकर हंगामे की स्थिति बन गई जिसके बाद सफाईकर्मी थाने पहुंचे और केस दर्ज करवाया। मामले में पुलिस जांच कर रही है।

### रंजिश में दी गाली, विरोध किया तो चाकू मारा

इंदौर। रंजिश के चलते युवक को बदमाश ने गालियां दी, जब उसने विरोध किया तो चाकू से हमला कर उसे घायल कर दिया और भाग निकला। घटना द्वारकापुरी इलाके की है। गोंदवाले धाम के पीछे स्थित गुरूशंकर नगर में रहने वाले संदीप बारे ने पुलिस को बताया कि वह दत्त मंदिर के पास क्रिकेट खेल रहा था तभी वहां पहुंचे राजकुमार नामक युवक ने पुरानी चली आ रही रंजिश के चलते उसे गालियां देना शुरू कर दिया। विरोध करने पर आरोपी ने मारपीट करते हुए संदीप के पैर पर चाकू घोंप दिया जिससे वह घायल हो गया। आरोपी ने धमकाया कि आगे से उससे उलझा तो वह उसे जान से खत्म कर देगा। पुलिस ने चाकूबाजी करने वाले आरोपी पर केस दर्ज कर उसे तलाशना शुरू कर दिया है।पति ने दी जान

### पेड़ से गिरे मासूम की मौत

इंदौर। जामुन तोडऩे के लिए पेड़ पर चढे एक मासूम की गिरने से मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। खुड़ैल थाना प्रभारी दीपक खत्री ने बताया कि तिल्लौदखुर्द के ग्राम बीहाडिय़ा में रहने वाला अर्जुन पिता कमल (13) जामुन तोडऩे के लिए पेड़ पर चढा था इस दौरान उसका बैलेंस बिगड़ा और वह नीचे आ गिरा।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक